Title : Regarding inclusion of Saran Bandh in National Highways

डॉ. आलोक कुमार सुमन (गोपालगंज) : सभापति महोदया, मेरे संसदीय क्षेत्र गोपालगंज में स्थित सारण बांध, जो सोनपुर से शुरू होकर सारण, गोपालगंज होते हुए उत्तर प्रदेश की सीमा सिसवां तक जाता है। सारण जिले के सोनपुर से डुमरिया घाट पुल तक के मार्ग को नेशनल हाइवे में शामिल कर लिया गया है, जबकि डुमरिया से सिसवां यूपी बोर्डर तक या पश्चिमी चंपारण को जोड़ने वाले मंगलपुर पुल तक बचे हेतु सारण बांध को अभी तक एन.एच. में शामिल नहीं किया गया है। बांध को भी राष्ट्रीय राजमार्ग में शामिल कर लिया जाता है, तो इससे इस क्षेत्र की 28 लाख जनता के विकास की नवीन ऊर्जा का संचार तो होगा, साथ ही राष्ट्रीय राजमार्ग के माध्यम से राजधानी पटना से निर्बाध एवं त्वरित संपर्क स्थापित होने से निकटवर्ती कई जिलो में ही नहीं अपितु समस्त क्षेत्र का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो सकेगा। उक्त परियोजना के माध्यम से इस परिक्षेत्र में स्थित नारायणी नदी पर पर्यटन का विकास होगा। सड़क परिवहन बल्कि जलमार्ग से भी व्यावसायिक परिवहन को कई गुना बढ़ा देगा। इससे रोजगार के अनेक अवसर सृजित होंगे तथा हर वर्ष आने वाली बाढ़ और उससे होने वाले जल भराव एवं कटाव की समस्या पर भी नियंत्रण पाया जा सकेगा। मैं परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री जी से अनुरोध करता हूं कि डुमरिया से सिसवां यूपी बोर्डर तक या पश्चिमी चंपारण को जोड़ने वाले मंगलपुर तक बचे हुए सारण बांध को नेशनल हाईवे में सम्मिलित किया जाए।